Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/2021-2023 Post AD No. 8

**सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक**

**हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी**

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष-३० अंक-१४ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६ - ३१ जुलाई २०२२ पृष्ठ ०८ मूल्यः१० रु.मात्र (रंगीन सहित)




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने १६ जुलाई, २०२२ को उत्तर प्रदेश के जालौन में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया।

## संतुलित विकास सामाजिक न्याय के समान है-पीएम मोदी

साभारः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के जालौन की उरई तहसील के कैथेरी गांव में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यमंत्री एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। दिनांक १६.०७.२०२२ को इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने बुंदेलखंड क्षेत्र की कड़ी मेहनत, वीरता और सांस्कृतिक समृद्धि की गौरवशाली परंपरा को याद किया। उन्होंने कहा कि इस भूमि ने अनगिनत योद्धाओं को जन्म दिया है और भारत के प्रति समर्पण उनके खून में बहता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय बेटे-बेटियों के कौशल और कड़ी मेहनत ने हमेशा देश का नाम रोशन किया है। नए एक्सप्रेस-वे से आने वाले बदलाव के बारे में जानकारी देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के बन जाने के बाद चित्रकूट से दिल्ली की दूरी में ३ से ४ घंटों की कमी होगी। यह एक्सप्रेस-वे न केवल यहां वाहनों को गति देगा, बल्कि पूरे बुंदेलखंड की औद्योगिक प्रगति को भी गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार इस दिशा में नए जोश के साथ काम कर रही है। प्रदेश में हवाई संपर्क में सुधार पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में नए हवाई अड्डे का टर्मिनल बना है। कुशीनगर को नया हवाई अड्डा मिल गया है और जेवर, नोएडा में एक नए हवाई अड्डे के लिए काम चल रहा है और कई और शहरों को हवाई यात्रा सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है जिससे पर्यटन और अन्य विकास के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा।

## जेडआरयूसीसी सदस्य ने रेल मंत्री से मिलकर रेलयात्री की समस्याओं से कराया अवगत



रे.स.ब्यूरो./सूत्र गोंडा। पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्श दात्री समिति गोरखपुर के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने भारत सरकार के रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मिलकर रेलयात्री एवं रेल कर्मचारियों की समस्याओं के परिपेक्ष्य में अवगत कराया। पूर्वोत्तर रेलवे के जोनल मेंबर एवं भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने रेल भवन, दिल्ली में रेलमंत्री से इलाहाबाद से गोंडा जंक्शन तक सरयू साकेत एक्सप्रेस का विस्तार किये जाने, गोंडा से कानपुर एवं कानपुर गोंडा जंक्शन तक मेमों ट्रेन का संचालन किये जाने, गोंडा कचहरी स्टेशन का नाम अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लाहडी किये जाने, पूर्वोत्तर रेलवे के अन्तर्गत रेल परिसर की खाली पड़ी जमीनों पर अनाधिकृत रुप से काविज कवजेदारों को हटा कर कार्रवाई किये जाने, गोंडा जंक्शन परिसर में रेलवे दुकानों पर अवैध कब्जेदारी, किरायेदारी एवं आस-पास किये गये अतिक्रमण को हटाने तथा दुकान आवंटन में लिप्त इंजीनयरिंग विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचरियों के विरुध कार्यवाही किये जाने, पूर्वोत्तर रेलवे के अन्तर्गत लगभग सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में अवैध रुप से खाद्य, पेय एवं विविध् वस्तुओं की विक्री करने वाले तथा रेल यात्री के जान माल के साथ खिलवाड करने वाले अवैध वेंडरों के विरुध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किये जाने तथा संरक्षण देने वाले ठेकेदारों, रेल अधिकारियों रेल सुरक्षा बल के कर्मचारियों तथा राजकीय रेलवे पुलिस के कर्मियों की गोपनीय जांच करा कर कठोर कार्रवाई किये जाने का अनुरोध किया है। अश्वनी वैष्णव ने जोनल मेबर पंकज कुमार श्रीवास्तव को आश्वस्त किया की ट्रेनों का संचालन कराया जाएगा तथा अवैध वेंडिंग एवं रेलवे परिसर भुमि पर अनाधिकृत कब्जेदारी पर कार्यवाही की जाएगी।

## सरकार की छवि खराब करने वाले नौकरशाहों पर गिरेगी गाज



रे.स.ब्यूरो./सूत्र लखनऊः सरकार की छवि को अपनी कारगुजारियों से खराब करने वाले नौकरशाहों पर कार्रवाई की तैयारी शुरु हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य एवं लोक निर्माण विभाग में हुए तबादलों में गड़बड़ियों और पशुपालन घोटाले पर कड़ा रुख अपनाया है। वहीं सीएम योगी ने मंगलवार दिनांकरू १२.०७.२०२२ को स्वास्थ्य विभाग के तबादलों पर रिपोर्ट तलब की और पूरे प्रकरण की जानकारी लेने के बाद जांच के लिए मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी बना दी। जांच रिपोर्ट आने के बाद स्वास्थ्य, लोक निर्माण व पशुपालन विभाग के कई वरिष्ठ अफसरों की विदाई तय मानी जा रही है। इन्हें महत्वहीन पदों पर भेजा जाएगा। इसी प्रकार पीडब्ल्यूडी में हुए तबादलों की जांच के लिए एपीसी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने तबादलों में गड़बड़ियों की जांच के लिए मुख्य सचिव और कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी गठित की है जबकि पशुपालन घोटाले की जांच के आदेश भी दिए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय को जांच रिपोर्ट का इंतजार है।

> यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी हर भूल उसे कुछ शिक्षा दे सकती है।
>
> महात्मा गांधी

# पुनर्प्राप्त जन्मदिवस पर मंत्री नन्दी और महापौर ने सपरिवार किया रक्तदान




रे.स.ब्यूरो./सूत्र. प्रयागराज बहादुरगंज के जिस इलाके में १२ वर्ष पूर्व १२ जुलाई २०१० को आरडीएक्स बम विस्फोट कर खून बहाया गया था, कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी को मौत के घाट उतारने की साजिश रची गई थी, उसी इलाके में मंगलवार को मंत्री नन्दी ने शिविर लगाकर रक्तदान महादान और रक्त निर्भर भारत का संदेश दिया। पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव के अवसर पर मंत्री नन्दी ने अपने आवास पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर सबसे पहले प्रयागराज की महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी, पुत्र अभिषेक गुप्ता, पुत्री जान्हवी गुप्ता के साथ रक्तदान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने भी रक्तदान किया। कैबिनेट मंत्री ने सपरिवार रक्तदान करने के साथ ही सभी से आग्रह किया कि लोगों के हित में सभी स्वस्थ लोगों को समय समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। यह आयोजन इसीलिए किया गया है।

# कमलेश कुमार दुबे बने जून माह के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी



रे.स.ब्यूरो./सूत्र.संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए महाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रमोद कुमार, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, मनीष कुमार गुप्ता एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में झांसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित ०५ रेल कर्मचारियों को महाप्रबन्धक महोदय के द्वारा संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। दिनांक १२.०७.२०२२ को पुरस्कृत कर्मचारियों में माखन सिंह मीना, टेक्नीशियन/ तृतीय/ कैरेज वैगन/आगरा छावनी/ आगरा मण्डल, राजेश कुमार मीना, लोको पायलट/ टूण्डला, प्रयागराज मण्डल, उमा शंकर भारद्वाज, वरि० लोको निरीक्षक/आगरा छावनी/आगरा मण्डल, नरपाल सिंह, कांस्टेबल/रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन/झांसी मण्डल,एवं कमलेश कुमार दुबे, हेड कांस्टेबल/रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, ललितपुर/ झांसी मण्डल शामिल हैं। कमलेश कुमार दुबे, को जून माह के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। कमलेश कुमार दुबे ने अपनी रेल ड्यूटी के दौरान अत्यन्त सूझबूझ एवं सर्तकता का परिचय देते हुए ड्यूटी के दौरान दिनांक १८.०६.२२ को ललितपुर रेलवे स्टेशन पर सुबह ०३.०० बजे पास हो रही रेलगाड़ी के सामने से अपनी जान का खतरा उठाते हुए, एक वृद्ध महिला यात्री की जान बचायी। इस प्रकार इन्होंने सतर्कता के एवं पूर्ण लगन के साथ अपनी ड्यूटी के दौरान सराहनीय कार्य किया गया है। इस प्रकार इन्होंने रेलवे की संरक्षा के साथ अपनी ड्यूटी के प्रति सराहनीय कार्य किया गया है। इस अवसर पर कमलेश कुमार दुबे की पत्नी को धन्यवाद संदेश भेजकर महाप्रबंधक ने पूरे परिवार का आभार व्यक्त किया।

**पाठकों से**

आपको यह अंक कैसा लगा? इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

प्रधान सम्पादक

# मण्डलायुक्त ने महाकुम्भ मेला-२०२५ समीक्षा बैठक करते हुए सम्बंधित विभागों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश




रे.स.ब्यूरो./सूत्र प्रयागराज मण्डलायुक्त संजय गोयल की अध्यक्षता में गुरूवार को गांधी सभागार में महाकुम्भ मेला-२०२५ के आयोजन हेतु प्रयागराज नगर में अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं दीर्घकालीन परियोजनाओं के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने विभागवार प्रस्तावित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। सेतु निगम, लोक निर्माण विभाग, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, नगर निगम, पर्यटन विभाग, गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित दीर्घकालीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी परियोजनाएं प्रस्तावित है, उसके लिए यदि जमीन की आवश्यकता हो, तो उसकी उपलब्धता के सम्बंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करा ली जाए साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि परियोजनाओं को अंतिम रूप देते समय सभी सम्बंधित विभागों के साथ इंट्रीग्रेटेड रूप से प्रस्ताव तैयार किया जाये, जिससे कि कार्य के बारे में सभी विभागों को जानकारी रहे और कार्य कराते समय उसमें किसी भी तरह का दूसरे विभाग के द्वारा अनावश्यक व्यवधान न उत्पन्न होने पाये। सेतु निगम के द्वारा एसआरएन से मेडिकल कालेज चौराहें तक बनाये जाने वाले फ्लाईओवर एवं महाराणा प्रताप चौराहें से लोक सेवा आयोग,पत्रिका चौराहा तक बनाये जाने वाले फ्लाईओवर से सम्बंधित प्रस्ताव के बारे में मण्डलायुक्त ने टीम गठित कर स्थल का निरीक्षण करते हुए योजना से सम्बंधित प्रस्ताव के सम्बंध में दो सप्ताह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से यह भी कहा है कि जो कार्य मेला अवधि के वर्ष में होना है, उसके लिए अलग से एवं जो कार्य दीर्घकालीन परियोजनाओं से सम्बंधित है, उसके लिए अलग से प्रस्ताव बना लिया जाये। पर्यटन विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने ओल्ड कर्जन ब्रिज, नागवासुकी मंदिर, तक्क्षेश्वर मंदिर दरियाबाद, माधव सर्किट, भरद्वाज आश्रम में कराये जाने वाले सौन्दर्यीकरण के कार्य, पंचकोशीय परिक्रमा के अन्तर्गत आने वाले मंदिरों के स्थलों के सौन्दर्यीकरण सहित अन्य प्राचीन स्थलों के सौन्दर्यीकरण हेतु योजनाओं से सम्बंधित प्रस्ताव पर विचार-विमर्श करते हुए पर्यटन अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने द्वादश माधव सर्किट के पर्यटन विकास हेतु वहां पर पार्किंग स्थल, एप्रोच मार्ग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं से सम्बंधित कार्यो को भी प्रस्ताव में शामिल किए जाने के लिए कहा है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में तेज बहादुर सप्रू अस्पताल, स्वरूपरानी चिकित्सालय, मोती लाल नेहरू मण्डलीय चिकित्सालय, महिला चिकित्सालय तथा क्षयरोग चिकित्सालय एवं सीएससी/ पीएससी में कराये जाने वाले कार्यो से सम्बंधित प्रस्तावों के बारे में विस्तृत रूप से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी परियोजनाएं फाइनल हो, उससे सम्बंधित बजट की व्यवस्था के सम्बंध में भी आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, पीडीए उपाध्यक्ष अरविंद चौहान, नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

राष्ट्रभाषा किसी व्यक्ति या प्रांत की संपत्ति नहीं है, इस पर सारे देश का अधिकार है।

सरदार वल्लभ भाई पटेल

## एम.के. बेउरा ने संभाला प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ सिग्नल इंजीनियर्स (IRSSE) के अधिकारी एम.के. बेउरा ने दिनांक १४.०७.२०२२ को प्रिंसिपल चीफ सिग्नल एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर, उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार ग्रहण किया। एम.के. बेउरा भारतीय इंजीनियरिंग सेवा के १९८६ परीक्षा बैच के अधिकारी हैं और उन्होंने विभिन्न पदों पर भारतीय रेल की सेवा की है। बेउरा ०२.०३.१९८८ में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में सहायक सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियर के रूप में अपना कैरियर प्रारंभ किया, जिसके बाद उन्होंने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे रेलवे में ही जूनियर और सीनियर स्केल में काम किया। इन्होंने सिग्नल और टेलीकॉम इंजीनियरिंग के विभिन्न विषयों में टीम लीडर के रूप में सीनियर डीएसटीई/खुर्दा रोड, सीनियर डीएसटीई/चक्रधरपुर और सीएसटीई/प्रोजेक्ट दक्षिण रेलवे में कार्य किया तथा २०२१से कोर/प्रयागराज में पीसीएसटीई का दायित्व निभाया। उन्होंने संबलपुर विश्वविद्यालय (वर्ष १९८६) से इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार इंजीनियरिंग, भारतीय इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज, हैदराबाद (वर्ष २००२) से आईएसओ ९००१ के लिए आंतरिक लेखा परीक्षक तथा आईसीएफएआई विश्वविद्यालय (वर्ष २००६) से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रबंधन में एमबीए किया।

यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी हर भूल उसे कुछ शिक्षा दे सकती है।
महात्मा गांधी

## अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./सूत्र. बिलासपुर वी.के. त्रिपाठी, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड का तीन दिवसीय दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे दौरे के अंतिम दिन आज उन्होने बिलासपुर-गेवरा रोड के मध्य विंडो ट्रेलिंग तथा कुसमुंडा एवं दीपका कोल साईडिंग का निरीक्षण किया । इस दौरान उनके साथ आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सहित रेलवे व साउथ ईस्ट कोलफील्ड्स लिमिटेड के अधिकारीगण उपस्थित थे। दौरे के प्रथम दिन दिनांक ०६ जुलाई को उन्होने ब्रजराजनगर स्थित महानदी कोल साईडिंग एवं ईब वैली कोल लोडिंग एरिया का निरीक्षण किया था। दौरे के दूसरे दिन दिनांक १० जुलाई को उन्होने झारसुगुड़ा से बिलासपुर के मध्य विंडो ट्रेलिंग कर मल्टीट्रेकिंग कार्यो का निरीक्षण तथा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, बिलासपुर में महाप्रबंधक, एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में चल रहे आधारभूत संरचना के विकास कार्यों, महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं, यात्री सुविधाओं तथा रेल परिचालन से संबन्धित कार्यो की समीक्षा किया था। दौरे के अंतिम दिन दिनांक ११ जुलाई २०२२ को उन्होने बिलासपुर-गेवरा रोड के मध्य विंडो ट्रेलिंग कर इस रेल सेक्शन का जायजा लिया। इसके पश्चात उन्होने कोरबा क्षेत्र स्थित कुसमुंडा एवं दीपका कोल साईडिंग का निरीक्षण किया। दीपका कोल साईडिंग के निरीक्षण के दौरान उन्होने साइलो लोडिंग सिस्टम का जायजा लिया। वी.के. त्रिपाठी, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड ने सायलो लोडिंग का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान त्रिपाठी ने विभिन्न अवसंरचना विकास से संबन्धित कार्यो के प्रगति की समीक्षा भी किया ।

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर.यू.सी.सी.सदस्य**

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

## प्रयागराज मण्डल में एनसीआरएमयू की स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक सम्पन्न

रे.स.ब्यूरो./सूत्र प्रयागराज मण्डल कार्यालय के संकल्प सभाकक्ष में मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा की अध्यक्षता में मंडल की मान्यता प्राप्त यूनियन उत्तर मध्य रेलवे मेंस यूनियन के साथ दो दिवसीय स्थायी वार्ता तन्त्र बैठक का आयोजन किया गया। दिनांक १४.०७.२०२२ को वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी मनीष कुमार खरे ने इस बैठक में मण्डल रेल प्रबंधक, एन.सी.आर.एम.यू. यूनियन के सभी पदाधिकारियों तथा उपस्थित सभी अधिकारियों का स्वागत किया। वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी ने एन.सी.आर.एम.यू. के पदाधिकारियों को सदैव रेल प्रशासन का सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित यूनियन प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने इस वर्ष कि प्रथम स्थाई वार्ता तंत्र बैठक में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि औद्योगिक सम्बंधो को बेहतर बनाने के क्रम में एन सीआर एम यू का रेलवे प्रशासन को सतत सहयोग मिल रहा है तथा सकारात्मक सहभागिता रही है। मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने एनसीआरएमयू के इस सहयोग की सराहना करते हुए कहा की प्रयागराज मण्डल यह अपेक्षा करता है कि आने वाले दिनों में भी इसी प्रकार का सक्रिय सहयोग मिलता रहेगा। इसी क्रम में मण्डल रेल प्रबंधक ने कहा कि इस वर्ष हम सभी लोग आजादी का ७५ वां वर्ष 'आजादी का अमृत महोत्सव' के रूप में मना रहे हैं। जो अपने आप में एक गौरव की बात और आप सभी का सहयोग और भागीदारी अपेक्षित है। प्रयागराज मंडल सदैव कर्मचारियों की समस्या का त्वरित निवारण करने के लिए संवेदनशील और प्रयत्नशील रहा है। इसी क्रम में आगे मण्डल रेल प्रबंधक ने बताया कि जनवरी २०२१ से अभी तक आर.आर.बी. के द्वारा २१७० असिस्टेंट लोको पायलट का पैनल आ चुका है, जिसमें से २०६० लोंगो की पोस्टिंग कर दी गई है बाकी बचे हुए लोगों की ट्रेनिंग चल रही है। आरआरसी के माध्यम से १७४८ कर्मचारियों का पैनल प्रयागराज मंडल को मिला था जिसमें १६३० कर्मचारियों की पोस्टिंग कर दी गई है बाकी सभी का प्रोसेस जारी है। उन्होंने बताया की एच .आर .एम. एस. को हमने १००% लागू कर दिया है। उन्होंने आगे बताया कि अधिकारियों और कर्मचारियों के बच्चों को ४४ लाख रुपए की छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई है।बैठक के आगे के क्रम में एन. सी .आर.एम. यू. के महामंत्री आर. डी .यादव ने इस बैठक के आयोजन के लिए मण्डल रेल प्रबंधक प्रयागराज मण्डल को धन्यवाद दिया और कहा की किसी भी संस्थान के की प्रगति उसके मैनेजमेंट और कर्मचारियों के बीच के सम्बंधो पर निर्भर करता है, बेहतर सम्बंधो के फलस्वरूप ही संस्थान की प्रगती बेहतर होती हैद्य



उन्हने प्रयागराज मण्डल के अधिकारियों का भी आभार प्रगट करते हुए कहा की प्रयागराज मण्डल के अधिकारियों द्वारा किसी भी समस्या के समाधान हेतु हर संभव प्रयास किया जाता हैद्य बैठक के क्रम में यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न मुद्दों जिसमें रेलवे आवासों की मरम्मत, साफ सफाई, भत्ता, रेलवे अस्पतालों में डाक्टरों की भर्ती जैसे अनेक बिन्दुओ पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक/इन्फ्रा अतुल गुप्ता, अपर मण्डल रेल प्रबंधक/सामान्य संजय सिंह, अपर मण्डल रेल प्रबंधक / परिचालन अजय कुमार राय सहित प्रयागराज मण्डल के सभी शाखाधिकारियों सहित यूनियन के समस्त पदधिकारियों सहित कर्मचारी गण उपस्थित थे।

**हमारे ग्राहक**

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके सउस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी

## सम्पादकीय

### कोविड १६: खुराक एहतियात की

फिलहाल कोरोना विषाणु के संक्रमण का जोर कम है, लेकिन रह-रह कर इसके अनेक रूपों मे फैलने की खबरें आती रहती हैं। अक्सर ऐसा हुआ है जब आम लोगों ने अपने स्तर पर लापरवाही बरती तो उसके नतीजे में संक्रमण के मामलों में तेजी आ गई। हालांकि इससे बचाव के लिए सरकार की ओर से किए गए तमाम उपायों के साथ देशव्यापी टीकाकरण ने कोरोना की रोकथाम में एक बड़ी भूमिका निभाई है, मगर बड़ी चुनौती यह है कि अगर इस महामारी से राहत के हालात को कायम रखना है तो उसके लिए हर स्तर पर चौकसी बनाए रखी जाए। जिसके तहत व्यापक पैमाने पर लोगों को टीके की दो खुराक लगाई गई। कोरोना विषाणु की अब तक जैसी प्रकृति देखी गई है, उसमें दुनिया भर के विशेषज्ञों ने यही बताया है कि इससे संक्रमित व्यक्ति के इलाज के दौरान जिस तरह की जटिलता देखी गई है, उसमें सबसे बेहतर यही है कि विषाणु के संक्रमण से बचाव के तरीके अपनाए जाएं। इसमें अन्य तरीकों के मुकाबले टीकाकरण को सबसे कारगर उपाय बताया गया है। यों शुरुआत में दो खुराक को कोरोना विषाणु के संक्रमण की रोकथाम के लिए पर्याप्त बताया गया था, लेकिन वक्त के साथ इसके बहुरूपों ने हालात को जटिल बनाया है। आज भी देश के कुछ हिस्सों में अचानक ही संक्रमण की रफ्तार में बढ़ोतरी हो जाती है।

शायद यही वजह है कि सरकार ने अब इसके टीकों की दो खुराक के बाद कोरोना पर काबू पाने के मकसद से एहतियाती खुराक को और विस्तारित रूप में देने का फैसला किया है। हालांकि इसकी शुरुआत पहले ही हो चुकी है और इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों से लेकर कई स्तर पर पात्र लोगों को अतिरिक्त खुराक दिया गया है।

# रेलमंत्री ने सहारनपुर में उत्तर रेलवे के विद्युत लोको अनुरक्षण डिपो का किया निरीक्षण



साभारः अश्विनी वैष्णव ने सहारनपुर के खानआलमपुरा में उत्तर रेलवे के विद्युत लोको अनुरक्षण डिपो का निरीक्षण किया। उनके साथ उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल, अम्बाला मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, गुरिन्दर मोहन सिंह, दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, डिम्पी गर्ग, उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षगण और अम्बाला व दिल्ली मंडल के अनेक वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित थे। रेल मंत्री ने सहारनपुर में लोको मोटिव अनुरक्षण डिपो में १२००० अश्व शक्ति के इंजन का निरीक्षण किया। यह इंजन नेविगेशन की अत्याधुनिक तकनीक के साथ भारत में तैयार किए गया है। यह १२० कि.मी. प्रतिघंटा की गतिसीमा वाला है। अत्याधुनिक सुविधाओं वाला यह अनुरक्षण डिपो संयुक्त उपक्रम म ड्यूल के तहत स्थापित किया गया है। इसमें विद्युत इंजनों जिनका उपयोग भारतीय रेलवे द्वारा लम्बी दूरी की मालगाड़ियों में मुख्य रूप से किया जाता है। इस डिपो में लोको पायलटों के प्रशिक्षण के लिए एक प्रशिक्षण स्कूल भी है। यह एक सस्टेनेबल सम्पत्ति है जिसमें अपशिष्ट और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, वर्षा जल संचयन, प्राकृतिक रोशनी के लिए डे-लाइट पैनल और शत-प्रतिशत एलईडी का उपयोग किया गया है। डिपो में रेलकर्मियों के साथ बातचीत करते हुए माननीय रेलमंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे ने पिछले कुछ वर्षों में बड़े सकारात्मक बदलाव देखे हैं। बुनियादी ढाँचा और परिसम्पत्तियों, यात्री और मालगाड़ी सेवाओं में आधुनिकी करण के प्रयास किए गए हैं। हर क्षेत्र में बडे पैमाने पर डिजिटली करण से दिन-प्रतिदिन के मामलों को चलाने में आसानी हो रही है। साथ ही कुशल यात्रि और माल ढुलाई मॉड्यूल भी तैयार किया गया है।

उन्होंने अधिकारियों को अपने विचारों को साझा करने और भारत में रेलवे की बेहतरी के लिए अभिनव रूप से उपयोग किए जाने वाले निष्कर्षो को साझा करने के लिए उत्साहित किया।

# प्रयागराज मण्डल में हुआ ६७वें रेल सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन



रे.स.ब्यूरो./सूत्र प्रयागराज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित मंडल सभागार में ६७ वाँ रेल सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया। दिनांक ०८.०७.२०२२ को कार्यक्रम का शुभारम्भ मण्डल रेल प्रबंधक रेल प्रबंधक, प्रयागराज मण्डल मोहित चंद्रा, अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन, प्रयागराज मण्डल अंजली अग्रवाल, अपर मण्डल रेल प्रबंधक। सामान्य, इन्फ्रा एवं परिचालन तथा वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी मनीष कुमार खरे ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत करते हुए सभी पुरस्कृत रेल कर्मचारियों का उनकी रेलवे के प्रति दी गई सेवा के लिए विशेष आभार व्यक्त किया तथा उन्हें पुरस्कार प्राप्ति के लिए बधाई दीइस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम महिला कल्याण संगठन, प्रयागराज मण्डल के अधिकारियों, कर्मचारियों, यूनियन एवं एसोसिएशन के सदस्यों को बधाई दी, अपने संबोधन में आगे मण्डल रेल प्रबंधक ने बताया कि वित्तीय वर्ष २०२१-२२ हम सब के लिए चुनौती पूर्ण रहा है। वर्ष के शुरु होते ही पूरे देश ने Corona महामारी की दूसरी लहर का सामना किया। हम सभी का अपना परिवार या फिर कोई निकट संबंधी, दोस्त इस महामारी से जरूर प्रभावित हुए हैं। इस महामारी के दौरान हमारे प्रयागराज मण्डल ने भी कई साथियों को खोया है, जिन्हें इस मंच से मैं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। इस सब के बावजूद प्रयागराज मण्डल की कर्मठ टीम ने नई उचाईयों को छूने में अपना योगदान में कोई कमी नहीं छोड़ी। इसी क्रम में मण्डल रेल प्रबंधक महोदय ने बताया कि आज हम २७२ से अधिक ट्रेनों का संचालन १३० Kmph की अधिकतम रफ्तार पर कर रहें हैं, जो कि भारतीय रेल के किसी अन्य मंडल में १३० Kmph की अधिकतम रफ्तार पर चल रही ट्रेनों की संख्या से कहीं अधिक है। इसी के साथ मण्डल रेल प्रबंधक ने बताया कि मण्डल के ०४ स्टेशनों (खागा, चकेरी, सरसोल और करबिगवां) में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण, टूंडला में दो नए प्लेटफार्म का निर्माण का कार्य किया गया। वर्ष २०२१-२२ में ०७ खंडों में अ टोमेटिक सिग्नलिंग का कार्य तथा १४ स्टेशनों पर इलेक्ट्रोनिक इंटरलोकिंग का कार्य पूरा किया है, इससे ट्रेनों कि समयपालनता एवं संरक्षा में सुधार हुआ है। यात्रियों को स्टेशन पर बेहतर सुविधा मिले इसके लिए ७ स्टेशनों पर Wi&Fi की सुविधा चालू की गई, प्रयागराज मण्डल के १२३ स्टेशनों पर वर्तमान Wi&Fi उपलब्ध है। ६७ वें रेल सप्ताह समारोह के अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा द्वारा महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा अंजली अग्रवाल एवं सदस्याओं की गरिमामयी उपस्थिति में मण्डल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले २६७ कर्मचारियों को प्रसस्ती पत्र,मेडल एवं रुपये २००० की पुरस्कार राशि से पुरस्कृत किया गया तथा ग्रुप अवार्ड भी प्रदान किये गये जिसमे सामान्य ध्प्रशासन को ०६, इंजीनिरिंग ०१,लेखा विभाग ०१, यांत्रिक विभाग ०१, वाणिज्य विभाग ०१, सहित कुल २५ ग्रुप अवार्ड प्रदान किये गए तथा विभिन्न अनुभागों को ३१ शील्ड प्रदान की गयी।

इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक/सामान्य संजय सिंह, अपर मण्डल रेल प्रबंधक/ इन्फ्रा अतुल गुप्ता, अपर मण्डल रेल प्रबंधक/ परिचालन ए.के.राय, वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी मनीष कुमार खरे और सभी शाखा अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मण्डल कार्मिक अधिकारी/ द्वितीय आशीष कुमार शुक्ला ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन वासुदेव पाण्डेय मुख्य क्रू नियंत्रक, प्रयागराज ने किया।

# महाप्रबंधक, उमरे ने किया ट्रेन एवं स्टेशन का सघन निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./सूत्र प्रयागराज महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रमोद कुमार ने गाड़ी सं १२१४२ पाटलीपुत्र- लोकमान्य तिलक टर्मि एक्सप्रेस में प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर के मध्य यात्रा की और ट्रेन में सामान्य व्यवस्थाओं सहित साफ-सफाई आदि के संबंध में यात्रियों से फीडबैक लिया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन और स्टेशन परिसर में स्वच्छता के संबंध में भी फीडबैक लिया । इस यात्रा के दौरान महाप्रबंधक ने ट्रेन का निरीक्षण भी किया । महाप्रबंधक ने प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एस के सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक/सामान्य संजय सिंह और मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवम शर्मा के साथ ट्रेन के सामान्य श्रेणी सहित सभी कोचों में यात्रा करने वाले यात्रियों के साथ बातचीत की। महाप्रबंधक ने ट्रेनों में अन्य सुविधाओं सहित स्वच्छता व्यवस्था के संबंध में फीडबैक लिया। इस यात्रा के दौरान दक्षिण भारतीय पर्यटक जो प्रयागराज से वापस लौट रहे थे महाप्रबंधक महोदय ने उनके विचार लिए । इसी क्रम में कुछ वरिष्ठ नागरिकों से भी प्रमोद कुमार ने वार्ता की। इस दौरान अधिकारियों द्वारा लगभग १५० यात्रियों से बात कर फीडबैक लिया गया। अधिकांश यात्रियों ने रेलवे की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता और संतोष व्यक्त किया और कहा कि हाल के वर्षो में बहुत सुधार हुआ है। कुछ यात्रियों ने कुछ सुधार दिए जो आगे लागू किए जा सकते हैं। इन सुझावों को नोट किया गया और तदनुसार निर्देश जारी किए गए। महाप्रबंधक ने सभी यात्रियों को किसी भी शिकायत या आपात स्थी में अखिल भारतीय रेल सहायता नंबर १३९ पर संपर्क करने की सलाह दी। ट्रेन के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय ने पैंट्रीकार की व्यवस्था की जांच की और वहां स्टाफ से रेट लिस्ट तथा एप्रूव्ड सामानों की लिस्ट के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसी क्रम में कुमार ने वहां के उपकरणों जैसे रेफ्रीजरेटर एवं ब्यायलर आदि किभी जांच की। महाप्रबंधक ने सभी पैंट्री कार स्टाफ के मेडिकल को भी देखा।

> ''मनुष्य को ठंडा रहना चाहिए, क्रोध नहीं करना चाहिए। लोहा भले ही गर्म हो जाए, हथौड़े को तो ठंडा ही रहना चाहिए अन्यथा वह स्वयं अपना हत्था जला डालेगा। कोई भी राज्य प्रजा पर कितना ही गर्म क्यों न हो जाये, अंत में तो उसे ठंडा होना ही पड़ेगा।''
>
> -सरदार वल्लभभाई पटेल

# अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आरपीएफ द्वारा संरक्षा/सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन




साभारः प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रवीन्द्र वर्मा के निर्देशन में आरपीएफ उत्तर मध्य रेलवे द्वारा ७५ वें आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है जिसमे कानपुर रेलवे स्टेशन पर LED mounted truck के माध्यम से आरपीएफ की उपलब्धियों, आरपीएफ अमृत गीत, सुरक्षा / संरक्षा जागरूकता स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। दिनांक ०४ जुलाई को आरपीएफ बैंड स्टाफ द्वारा पूरे कार्यक्रम मे राष्ट्रभक्ति/देशभक्ति धुन के माध्यम से प्रतिध्वनि किया गया। जल सेवा के तहत मथुरा, आगरा छावनी, दादरी, खुर्जा एवं अन्य स्टेशन पर यात्रीयों को पानी पिलाया गया। आगरा, अलीगढ, फतेहपुर सीकरी, धौलपुर के रेलवे परिक्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया। आगरा, प्रयागराज छिवकी मे Run for Unity का आयोजन किया गया जिसमे देश को आजाद कराने मे अपना सर्वस्य न्योछावर करने वाले वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया जिससे उन वीर शहीदों के बलिदानों के प्रति लोगों में सम्मान तथा देशभक्ति की भावना जागृत हो। उत्तर मध्य रेलवे की चिन्हित स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया।

# आरपीएफ ने जून २०२२ मे ७.४० करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ किए बरामद

प.सू.का/नई दिल्ली। कानून प्रवर्तन एजेंसी के तौर पर रेलवे सुरक्षा बल ने हाल के दिनों में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अप्रैल २०१९ से एनडीपीएस अधिनियम के तहत, आरपीएफ को तलाशी, जब्ती और गिरफ्तारी करने का अधिकार दिया गया है और बल अवैध व्यापार को प्रतिबंधित करने के सरकार के प्रयासों में सक्रिय रूप से सहभागी बन रहा है। एनडीपीएस के खतरे पर विशेष रूप से ध्यान देने के लिए, अ परेशन ''नार्कोस'' नामक कोड के साथ रेल के माध्यम से नशीले पदार्थो की तस्करी के खिलाफ एक महीने का अखिल भारतीय अभियान जून-२०२२ के महीने में प्रारंभ किया गया था। इस ऑपरेशन के तहत आरपीएफ ने भारतीय रेलवे के माध्यम से नारकोटिक्स उत्पादों को ले जाने वाले वाहक/ट्रांसपोर्टरों के खिलाफ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। आरपीएफ ने इस अवैध व्यापार में शामिल ड्रग पेडलर्स को लक्षित करने के लिए एनसीबी और अन्य एलईए के समन्वय से देश भर में ट्रेनों और चिन्हित ब्लैक स्पॉट में अपनी जांच भी तेजी लाते हुए जून २०२२ के महीने में ७,४०,७७,१२६/- रुपये के डिजाइनर उत्पादों सहित विभिन्न नशीले पदार्थो के उत्पादों को बरामद किया है और अपने कार्याधिकार क्षेत्र के भीतर एनडीपीएस ले जाने वाले १६५ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है और इन्हें आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंप दिया है। नशीले पदार्थ न केवल युवाओं के स्वास्थ्य को खराब करते हैं, बल्कि ये पदार्थ अर्थव्यवस्था और राष्ट्र के हित को भी नुकसान पहुंचाते हैं। नशीली दवाओं की लत के दूरगामी प्रभाव होते हैं क्योंकि यह व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। भारतीय रेलवे यात्रियों और सामानों के परिवहन में अग्रणी भूमिका निभाता है और भारत में इसका सबसे व्यापक नेटवर्क है, यही कारण है कि अपराधियों द्वारा अक्सर लंबी दूरी की ट्रेनों का उपयोग एनडीपीएस को आम यात्रियों के रूप में ड्रग कैरियर्स को छिपाने के लिए विभिन्न राज्यों में तस्करी के लिए किया जाता है। इस प्रकार, सुरक्षा एजेंसियों के लिए इस तरह के नशीले पर्दाथों की तस्करी और रेलवे को एनडीपीएस के अवैध परिवहन का माध्यम बनने से रोकना बहुत चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

# कजाखस्तान में उत्तर मध्य रेलवे के कुलदीप ने जीता कांस्य पदक



साभारः कजाखस्तान में दिनांक २८ जून से ३ जुलाई तक फर्स्ट एलोरडा बॉक्सिंग चौंपियनशिप संपन्न हुई। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तर मध्य रेलवे के कुलदीप जो कि उत्तर मध्य रेलवे के सी सी टी सी पद पर आगरा में पोस्टेड हैं ने प्रतिभाग किया और कांस्य पदक जीत कर भारत को गोरवान्वित किया। इस अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में ५ टीमों क्रमशः भारत, उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान, क्यूबा, चीन व मंगोलिया ने भाग लिया। इनकी इस उपलब्धि पर उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने बधाई दी और आगे की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं तथा आशा व्यक्त की कि, भविष्य में भी वो इसी प्रकार उत्तर मध्य रेलवे और राष्ट्र के लिए उपलब्धि अर्जित करते रहेंगे।

# अब २०० की रफ्तार से चलेंगी दिल्ली-हावड़ा रूट पर ट्रेनें

रे.स.ब्यूरो./सूत्रए प्रयागराज आने वाले दिनों में अगर सब कुछ ठीक रहा तो प्रयागराज से देश की राजधानी दिल्ली तक ट्रेन द्वारा महज तीन से साढ़े तीन घंटे में पहुंचा जा सकेगा। बता दें की लखनऊ स्थित आरडीएसओ ने २०० किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दौड़ने में सक्षम सेमी हाइस्पीड ट्रेन की कम भार की एल्युमिनियम बाडी की डिजाइन तैयार की है। वहीं वर्तमान में दिल्ली-हावड़ा रूट पर ट्रेनों की अधिकतम स्पीड १६० किमी प्रतिघंटा करने की तैयारी जोरों से चल रही है। जिसका ट्रायल इसी वित्तीय वर्ष में हो सकता है। खास बात है कि इसका ट्रायल उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) के प्रयागराज मंडल में होगा। दरअसल, देश में सर्वाधिक ट्रेनों की आवाजाही दिल्ली-हावड़ा रूट पर ही है। इसी वजह से इस रूट पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने के लिए यहां आधारभूत संरचना सुधारने पर ही रेलवे का जोर है।

# अपर सदस्य, ट्रैक्शन, रेलवे बोर्ड राधे रमण ने किया बरेका का निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./सूत्र वाराणसी: बनारस रेल इंजन कारखाना में अपर सदस्य / ट्रैक्शन, रेलवे बोर्ड, राधे रमण ने निरीक्षण किया। राधे रमण बरेका कारखाना के विभिन्न कार्यशालाओं जैसे न्यू लोको असेम्ब्ली शॉप, लोको फ्रेम शॉप, लोको टेस्ट शॉप ,न्यू ब्लॉक शॉप पहुँच कर रेल इंजनों के उत्पादन से संबंधित कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण में प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर राजेश कुमार राय, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अमिताभ, मुख्य विद्युत इंजीनियर लोको एम. के. गुप्ता, मुख्य अभिकल्प इंजीनियर, विद्युत लोकोमोटिव पी. पी. राजू, मुख्य विद्युत इंजीनियर, निरीक्षण, अनंत सदाशिव, वरिष्ठ उप महा-प्रबंधक विजय, उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, लोको, अरुण कुमार शर्मा एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें। इस दौरान बरेका अधिकारियों ने उत्पादन गतिविधियों, निर्माण सुविधाओं, बरेका में चल रही परियोजनाओं के साथ ही उन्हे उत्पादन प्रक्रिया एवं अन्य तकनीकी विषयों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

इस दौरान बरेका कीर्ति कक्ष में आयोजित बैठक में अपर सदस्य / ट्रैक्शन, रेलवे बोर्ड राधे रमण ने प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों के साथ गहन चर्चा की एवं भविष्य के लिए चल रही परियोजनाओं का हाल जाना। इस अवसर पर अपर सदस्य / ट्रैक्शन, रेलवे बोर्ड राधे रमण ने बरेका कर्मचारी परिषद के संयुक्त सचिव धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में सदस्यों बी.डी. दुबे, नवीन सिन्हा, सुशील कुमार सिंह, आलोक वर्मा एवं विनोद सिंह ने मुलाकात कर कर्मचारियों से संबंधित मुद्दों पर वार्ता की साथ ही ज्ञापन सौपा वहीं महासचिव हरिशंकर यादव के नेतृत्व में अन्य पिछड़ा वर्ग के पदाधिकारियों ने भी कर्मचारियों के हित से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की एवं ज्ञापन सौपा।

# जिलाधिकारी ने किया कावंड यात्रा के मार्गो का निरीक्षण



साभारः जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने कावंड यात्रा के मार्गो का भ्रमण कर निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं कावंड़ यात्रा से सम्बंधित व्यवस्थाओं के बारे में सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने दशास्वमेध घाट पर साफ-सफाई, प्रकाश की व्यवस्था की जानकारी ली तथा वहां पर नगर निगम को एक जनरेटर रखने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने गोताखोरों की उपलब्धता के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि सभी गोताखोर एक निर्धारित यूनिफार्म में रहे, जिससे कि उनकी पहचान किया जा सके। मोबाइल टॉयलेट एवं चेंजिंग रूम आदि की के बारे में जानकारी ली तथा उसको दुरूस्त रखने के निर्देश दिए है। पानी के टैंकरों की संख्या को और बढ़ाये जाने का निर्देश दिया है तथा शास्त्री ब्रिज के नीचे सिढ़ीयों तथा मार्ग पर साफ-सफाई एवं साइनेज आदि लगाये जाने का निर्देश दिया है। पार्किंग एवं डायवर्जन आदि के बारे में जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कांवरियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान दिया जाये। तत्पश्चात उन्होंने मनकामेश्वर मंदिर का भ्रमण कर यातायात-पार्किंग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें दुरूस्त रखने का भी निर्देश दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पाण्डेय ने कहा कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है तथा ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों के द्वारा मानीटरिंग की जायेगी। इस अवसर पर एडीएम सिटी मदन कुमार, एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, सिटी मजिस्ट्रेट गौरव श्रीवास्तव, एस०पी० सिटी, अपर नगर आयुक्त रत्नप्रिया सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तरंगा हिल-अंबाजी-अबू रोड नई रेल लाइन को मिली कैबिनेट की मंजूरी



पसूका/नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने २७९८.१६ करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से रेल मंत्रालय द्वारा बनाई जाने वाली तरंगा हिल-अंबाजी- आबू रोड नई रेल लाइन के निर्माण को मंजूरी दे दी है। नई रेल लाइन की कुल लंबाई ११६.६५ किलोमीटर होगी। यह परियोजना २०२६-२७ तक पूरी हो जाएगी। यह परियोजना निर्माण के दौरान लगभग ४० लाख मानव दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार पैदा करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत की परिकल्पना के अनुरूप, यह परियोजना कनेक्टिविटी बढ़ाने और आवाजाही में सुधार करने जा रही है जिससे क्षेत्र का समग्र सामाजिक - आर्थिक विकास होगा। अंबाजी एक प्रसिद्ध महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है और भारत में ५१ शक्तिपीठों में से एक है और हर साल गुजरात के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों व विदेशों से लाखों भक्तों को आकर्षित करता है। इस लाइन के बनने से इन लाखों श्रद्धालुओं को यात्र में आसानी होगी। इसके अलावा, तरंगा हिल में अजीतनाथ जैन मंदिर (२४ पवित्र जैन तीर्थकरों में से एक) के दर्शन करने वाले भक्तों को भी इस संपर्क (कनेक्टिविटी) से बहुत लाभ होगा। तरंगा हिल-अंबाजी-आबू रोड के बीच यह नई रेलवे लाइन इन दो महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों को रेलवे के मुख्य नेटवर्क से जोड़ेगी। यह लाइन कृषि और स्थानीय उत्पादों को तेजी से लाने-ले जाने की सुविधा प्रदान करेगी और गुजरात व राजस्थान राज्य के भीतर तथा देश के अन्य हिस्सों में भी लोगों की बेहतर आवाजाही प्रदान करेगी। यह परियोजना मौजूदा अहमदाबाद-आबू रोड रेलवे लाइन के लिए वैकल्पिक मार्ग भी प्रदान करेगी। प्रस्तावित दोहरीकरण के जुड़ने से राजस्थान के सिरोही जिले और गुजरात के बनासकांठा और मेहसाणा जिलों से होकर गुजरेगी। नई रेल लाइन के निर्माण से निवेश आकर्षित होगा और क्षेत्र का समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास होगा।

# अब सभी चौराहों पर होंगे ऑनलाइन चालान

रे.स.ब्यूरो./सूत्र. प्रयागराज अब शहर के सभी चौराहों पर वाहन चालक तीसरी नजर के दायरे में होंगे। इसके साथ ही अगर आप यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं तो जरा अलर्ट हो जाएं। यानी सभी चौराहों पर कैमरों से निगरानी होगी और यातायात नियमों के उल्लंघन पर ऑनलाइन चालान भी होंगे। इसके अतिरिक्त स्टॉप लाइन वॉयलेशन के साथ-साथ ट्रिपलिंग, हेलमेट, नंबर प्लेट संबंधी नियमों के उल्लंघन पर भी कैमरों से चालान शुरू किए जाएंगे। इस संबंध में एडीजी ट्रैफिक अशोक कुमार ने यातायात पुलिस को दिशा-निर्देश दिए।एडीजी ट्रैफिक सड़क सुरक्षा के संबंध में पुलिस लाइन सभागार में आयोजित बैठक में शामिल हुए। इसमें एसएसपी अजय कुमार, यातायात पुलिस के साथ ही आरटीओ, नगर निगम, पीडीए समेत कई अन्य विभाग के लोग भी शामिल हुए।

# 'ऑपरेशन अमानत' के तहत यात्रियों का मिला छूटा हुआ सामान वापस




रे.स.ब्यूरो./सूत्र. प्रयागराज रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चलाया गया ऑपरेशन 'अमानत' एक ऐसा ऑपरेशन है जिसके तहत यात्रियों का ट्रेन में या स्टेशन परिसर में भूल वश या ट्रेन पकड़ने की जल्दबाजी के कारण छूटा सामान यात्रियों को वापस किया जाता है। ऑपरेशन के अंतर्गत यात्री अपने खोए हुए सामान की सूचना हेल्पलाइन नंबर १३६ पर देकर इस ऑपरेशन का लाभ उठा सकता है। सामान बरामद होने पर रेलवे सुरक्षा बल आपको सूचित करता है और आपके आने पर अपनी पहचान बताने पर तथा सुनिश्चित कर की बरामद सामान उपस्थित हुए यात्री का है सामान यात्री के सुपुर्द किया जाता है। इस ऑपरेशन के तहत प्रयागराज मंडल में माह अप्रैल २०२२ से २२ जून २०२२ तक कुल ६० यात्रियों का छूटा हुआ सामान बरामद कर यात्रियों के सुपुर्द किया गया। इसमें प्रयागराज स्टेशन पर समान अवधि में १२ यात्रियों, अलीगढ़ स्टेशन पर ६ यात्रियों तथा कानपुर स्टेशन पर १४ यात्रियों को उनका सामान सकुशल वापस किया गया।

# दुआ के लिए उठे हाथ मस्जिद में पढ़ी गई नमाज



रे.स.ब्यूरो./सूत्र प्रयागराज शासन के आदेश पर जिलाधिकारी द्वारा जारी किए गए गाइडलाइन का पालन करते हुए प्रयागराज में परंपरा के साथ ईदुल अजहा का पर्व मनाया गया। इस दौरान स्थानीय प्रबन्धक आनंद जी राठौर व ग्राम प्रधान लौंद खुर्द शांती कुँवर सिंह जी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद जमील खान ने पहुँच कर सभी को ईदुल अजहा पर्व की बधाई दी । उन्होंने कहा कि इस पर्व का इस्लाम में बहुत महत्व है , मुस्लिम समाज के सामर्थ लोग इस दिन खुद की राह में बकरे की कुर्बानी करते हैं । कुर्बानी और समर्पण के इस त्यौहार को लेकर विशेष मान्यता है । बताया जाता है कि खुदा के नेक बंदे हजरत इब्राहिम को अल्लाह ने सपने में हुक्म दिया कि वे खुदा की राह में अपनी सबसे प्यारी चीज कुर्बान करें। हजरत इब्राहिम ने अपने इकलौते बेटे इस्माइल जो उन्हें सबसे प्यारा था, कुर्बान करने का मन बनाया। इस बात से इस्माइल भी खुश हुए , वे अल्लाह की राह में खुशी - खुशी कुर्बान होने के लिए तैयार हो गए । बकरीद के दिन जब कुर्बानी का समय आया तो फरिश्तों ने इस्माइल को हटाकर उनके स्थान पर दुंबा ( भेड़ - बकरा ) रख दिया और उसकी कुर्बानी हो गई । अल्लाह ने इस्माइल को बचाया और हजरत इब्राहिम की कुर्बानी कुबूल की । तभी से बकरीद में कुर्बानी का सिलसिला चला आ रहा है । आज के दिन भी लोगों ने कुर्बानी की और त्यौहार को अकीदत के साथ मनाया । इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के शरीफ खान,सलीम खान ,शाहआलम, मो.चाँद, याकूम खान, कलीम इस्लाम, हुसैन, बच्चा मियां, कोमल, यासीन, बाबा मुंनौबर, बबलू मेराज, शादाब, शमी, उमर समीप, पिंटू, शाखा, वसीम, ननका, सोंने, समशेर आदि सैकड़ों लोगों ने एक दुसरे के गले मिलकर ईद अजहा की मुबारकबाद दी ।

> राष्ट्रभाषा किसी व्यक्ति या प्रांत की संपत्ति नहीं है, इस पर सारे देश का अधिकार है।
> सरदार वल्लभ भाई पटेल

# उत्तर मध्य रेलवे को टिकट जांच से प्राप्त हुआ ५२ करोड़ का राजस्व

रे.स.ब्यूरो./सूत्र प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) को अर्थव्यवस्था की पहली तिमाही समाप्ति पर टिकट जांच के माध्यम से ५१.६६ करोड़ रु. के राजस्व की प्राप्ति हुई है। संभावित आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान वित्त वर्ष के पहले तीन माह के दौरान प्रयागराज मंडल को टिकट जांच के माध्यम से २८.३७ करोड़ और झांसी व आगरा मंडल ने क्रमशरू १३.०७ और १०.२२ करोड़ की राजस्व प्राप्ति की है। महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में सुधार होने से सभी गतिविधियों में तेजी आई है और सरकार के राजस्व में वृद्धि हुई है। रेलवे द्वारा टिकट जांच एक ऐसी गतिशील गतिविधी है जो विभिन्न रूपों में की जाती है। ट्रेन में चल टिकट परीक्षकों (टीटीई) द्वारा नियमित टिकट जांच सर्वाधिक की जाती है। बिना टिकट यात्र को रोकने के उद्देश्य से एनसीआर द्वारा विभिन्न स्थानों पर नियमित अभियान चलाए जा रहे हैं। बिना टिकट वाले यात्रियों को दंडित किया जाता है और उन्हें जांच के दौरान उचित टिकट दिए जाते हैं।प्रयागराज मंडल ने केवल जून माह में टिकट जांच द्वारा १०.७८ करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त करके एक खास मुकाम हासिल किया है, साथ ही एक माह में प्रयागराज मंडल द्वारा अर्जित किया गया यह अब तक का सर्वाधिक राजस्व है। प्रयागराज मंडल के विभिन्न स्थानों और बोर्ड जैसे मिर्जापुर, अलीगढ़, कानपुर, टूंडला आदि में कई जांच अभियान चलाए गए हैं।

# महानदी कोल रेलवे लिमिटेड तालचेर कोलफील्ड में कोयले की करेगा ढुलाई

पसूका/नई दिल्ली: महानदी कोलफील्ड का तालचेर कोलफील्ड लगभग ५२ बीटी कोयला संसाधनों के साथ सबसे बड़े कोयला संसाधनों में से एक है, जो देश में कुल अनुमानित कोयला संसाधनों का १५ प्रतिशत है। तालचेर कोलफील्ड में उपलब्ध संसाधनों में से ६३ प्रतिशत (३३ बीटी) से अधिक संसाधन ३०० मीटर गहराई तक है, जो ओपन कास्ट खनन के लिए महत्वपूर्ण संभावना प्रदान करता है। तालचेर कोलफील्ड ने महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड और आवंटित कोयला ब्ल कों से वित्त वर्ष २०२१-२२ के दौरान ६५ मिलियन टन (एमटी) से अधिक कोयले का उत्पादन किया है और वित्त वर्ष २०२४-२५ में लगभग २०० मिलियन टन तथा वित्त वर्ष २०३० तक लगभग ३०० मिलियन टन का उत्पादन करने की संभावना है। कुशल कोयला निकासी सुनिश्चित करने के लिए, तालचर कोलफील्ड्स अर्थात् एमसीआरएल (महानदी कोल रेलवे लिमिटेड) में चरणबद्ध तरीके से रेल लाइन का निर्माण शुरू किया गया। कोयला मंत्रालय ने पीएम गतिशक्ति के तहत एमसी आरएल चरण । और ।। परियोजना के निर्माण को उच्च प्रभाव परियोजना के रूप में चिन्हित किया है। 'महानदी कोल रेलवे लिमिटेड (एमसीआरएल)' को ३१.०८. २०१५ को महानदी कोलफील्ड लिमिटेड(एमसीएल) के ६४ प्रतिशत शेयर, इरकॉन के २६ प्रतिशत और ओडिशा औद्योगिक विकास निगम (आईडीसीओ) के १० प्रतिशत शेयर के साथ शामिल किया गया था। इस परियोजना की लाइन ओडिशा में अंगुल जिले से होकर गुजरती है। अंगुल और जरापदा भारतीय रेलवे नेटवर्क के मौजूदा स्टेशन हैं। बलराम एमसीएल के तालचेर-बलराम प्राइवेट साइडिंग में मौजूदा लोडिंग स्टेशन है। १४ किलोमीटर लम्बा एमसीआरएल चरण-। (अंगुल-बलराम) के इस वर्ष तक चालू होने की उम्मीद है। यह रेलवे लाइन तालचेर कोलफील्ड में एमसीएल खदानों से निकाले गए २५ मिलियन टन कोयले की ढुलाई करेगी। ५४ किलोमीटर के एमसीआरएल चरण-(बलराम-जरपड़ा-तेंतुलोई) के दिसंबर २०२५ तक चालू होने की उम्मीद है। यह तालचर कोलफील्ड के दक्षिणी हिस्से और मध्य भाग में आवंटित कोयला ब्लॉकों को कनेक्टिविटी प्रदान करता है। चरण-।। का काम तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर है, भूमि अधिग्रहण और वन संबंधी स्वीकृति के लिए अधिसूचना प्राप्त कर ली गई है। यह रेलवे लाइन तालचर कोलफील्ड में सीआईएल और गैर-सीआईएल कोयला ब्लॉकों से निकलने वाले ५८ मिलियन टन कोयले की ढुलाई करेगी। इस प्रकार एमसीआरएल रेल कॉरिडोर तालचेर कोलफील्ड से कोयले की निकासी में गेम चेंजर साबित होगा। रेल क रिडोर से पारादीप और दामरा बंदरगाहों तक कोयले की रेक की तेजी से आवाजाही में सुधार होगा जिससे रेल नेटवर्क में भीड़भाड़ कम होगी और परिवहन लागत में भी काफी कमी आएगी। रेल नेटवर्क की तुलना में शिपिंग मार्ग बहुत सस्ते हैं और देश के दक्षिणी तथा पश्चिमी क्षेत्र में कोयले की उपलब्धता में सुधार करते हैं।

# महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने किया मुजफ्फरपुर-सगौली-नरकटियागंज रेलखंड का निरीक्षण



साभार: अनुपम शर्मा, महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल द्वारा दिनांक १५.०७.२०२२ को समस्तीपुर मंडल के अंतर्गत मुजफ्फरपुर-सगौली रेलखंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन जायजा लिया एवं रेलवे ट्रैक, पुल-पुलियों आदि का निरीक्षण किया । इसके उपरांत महाप्रबंधक महोदय द्वारा समस्तीपुर मंडल के सगौली-नरकटियागंज-रक्सौल रेलखंड का गहन निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक आलोक अग्रवाल एवं मुख्यालय तथा मंडल अन्य उच्चाधिकारीगण भी उपस्थित थे ।


# अश्विनी वैष्णव ने किया अम्बिकापुर-हजरत निजामुद्दीन-अम्बिकापुर साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का शुभारंभ




रे.स.ब्यूरो./सूत्र बिलासपुर अश्विनी वैष्णव, रेल, संचार, इलेक्ट्रानिक व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार द्वारा अम्बिकापुर-हजरत निजामुद्दीन- अम्बिकापुर साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का अम्बिकापुर स्टेशन से शुभारंभ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिनांक १४ जुलाई २०२२ को किया गया। इस अवसर पर अम्बिकापुर स्टेशन में रेणुका सिंह, राज्यमंत्री, जन जातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, पारसनाथ राजवाड़े, विधायक, भटगांव, आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं मंडल रेल प्रबन्धक, बिलासपुर सहित अन्य अधिकारी गण एवं बड़ी संख्या में अंबिकापुर क्षेत्र के नागरिक गण उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत करते हुए, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक आलोक कुमार ने कहा कि इस ट्रेन से सुविधाजनक कनेक्टिविटी के साथ ही साथ उद्योग, शिक्षा एवं रोजगार आदि विभिन्न क्षेत्रों में अपार संभावनाएं प्रबल होगी। इस अवसर पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अश्विनी वैष्णव, रेल, संचार, इलेक्ट्रानिक व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि आज का यह दिन इस क्षेत्र के लिए यादगार है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन को साकार करते हुए देश के प्रमुख रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किये जा रहे है। रेलवे से जन जन का जुड़ाव है इसलिए रेल यात्रियों को स्टेशनों पर वर्ल्ड क्लास सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किये जा रहे है। अम्बिकापुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस के शुरू होने से न सिर्फ दिल्ली बल्कि और भी कई महत्वपूर्ण नगर अम्बिकापुर से सीधी रेल सेवा से जुड़ गए है। रेणुका सिंह, राज्यमंत्री, जनजातीय कार्य मंत्रालय ने इस एक्सप्रेस ट्रेन सेवा के शुभारंभ पर क्षेत्र के निवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस ट्रेन के माध्यम से अम्बिकापुर वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई है। आजादी के ७५वें अमृत महोत्सव पर शुरू हुई इस सेवा के माध्यम से जनजातीय क्षेत्र का देश की राजधानी दिल्ली से सीधा जुड़ाव होगा। कार्यक्रम के अंत में मंडल रेल प्रबन्धक बिलासपुर ने सभी उपस्थित जन समूह का धन्यवाद ज्ञपित किया।

०४०४३ ट्रेन नंबर के साथ यह ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को अंबिकापुर से प्रातः ७.१५ बजे रवाना होगी तथा अगले दिन प्रातः ४.३५ बजे हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार विपरीत दिशा में ०४०४४ ट्रेन नंबर के साथ यह ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को हजरत निजामुद्दीन से रात्रि ११.०० बजे रवाना होकर अगले दिन सायंकाल ७.३० बजे अम्बिकापुर स्टेशन पहुंचेगी ।

## गाड़ी सं. 19669/19670 उदयपुर सिटी-पाटलिपुत्र हमसफर एक्सप्रेस (साप्ताहिक) रेलगाड़ी



रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी सं. 19669/19670 उदयपुर सिटी-पाटलिपुत्र-उदयपुर सिटी हमसफर एक्सप्रेस (साप्ताहिक) को रीस्टोर करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत हैः-

गाड़ी संख्या 19669 उदयपुर सिटी से : साप्ताहिक (बुधवार) दिनांक 20.07.2022 से

गाड़ी संख्या 19670 पाटलिपुत्र से : साप्ताहिक (शुक्रवार) दिनांक 20.07.2022 से

**गाडी संरचना** स्लीपर श्रेणी- 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 16, पेंट्री कार- 01 एवं एसएलआर- 02

| गाड़ी संख्या - 19669 उदयपुर सिटी-पाटलिपुत्र | | स्टेशन | गाड़ी संख्या - 19670 पाटलिपुत्र-उदयपुर सिटी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 12:45 | उदयपुर सिटी | 07:35 | ---- |
| 13:19 | 13:21 | मावली जं. | 06:13 | 06:15 |
| 14:55 | 15:00 | चन्देरिया | 04:50 | 04:55 |
| 16:43 | 16:45 | बूंदी | 02:18 | 02:20 |
| 18:00 | 18:20 | कोटा | 01:25 | 01:45 |
| 19:25 | 19:27 | सवाई माधोपुर | 00:12 | 00:14 |
| 21:45 | 21:50 | भरतपुर | 22:28 | 22:30 |
| 22:40 | 22:50 | अछनेरा | 21:10 | 21:20 |
| 00:05 | 00:10 | मथुरा | 20:15 | 20:20 |
| 00:58 | 01:00 | हाथरस सिटी | 19:06 | 19:08 |
| 01:55 | 02:05 | कासगंज | 18:10 | 18:20 |
| 03:35 | 03:40 | फर्रुखाबाद | 16:10 | 16:15 |
| 04:55 | 04:57 | कन्नौज | 15:06 | 15:08 |
| 07:10 | 07:15 | कानपुर सेंट्रल | 13:45 | 13:50 |
| 09:10 | 09:20 | लखनऊ | 11:55 | 12:10 |
| 12:15 | 12:20 | सुल्तानपुर | 08:15 | 08:20 |
| 15:35 | 15:50 | वाराणसी | 05:00 | 05:10 |
| 16:45 | 16:55 | पं. दीनदयाल उपाध्याय | 03:40 | 03:50 |
| 17:57 | 17:59 | बक्सर | 01:42 | 01:44 |
| 18:37 | 18:39 | आरा | 00:58 | 01:00 |
| 19:23 | 19:25 | दानापुर | 00:30 | 00:32 |
| 20:00 | ---- | पाटलिपुत्र | ---- | 00:15 |

नोटः- उपरोक्त ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

**उत्तर मध्य रेलवे** 885/22 (A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया गया शुभारंभ



रे.स.ब्यूरो./सूत्र हाजीपुर सांसद डॉ. संजय जायसवाल द्वारा रक्सौल से गाड़ी संख्या ०५५५१ रक्सौल-भागलपुर श्रावणी मेला स्पेशल के परिचालन का दिनांक १४.०७.२०२२ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस अतिरिक्त सेवा के प्रारंभ हो जाने से श्रावण मेला के दौरान यात्रियों को काफी सहुलियत होगी। अप एवं डाउन दिशा में यह स्पेशल ट्रेन रक्सौल और भागलपुर के बीच छौड़ादानो, बैरगनिया, सीतामढ़ी, रून्नीसैदपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, मनकट्ठा, किऊल, जमालपुर एवं सुलतानगंज स्टेशनों पर रूकेगी। यह स्पेशल रक्सौल और भागलपुर के बीच १४.०७.२०२२ से ११.०८.२०२२ तक सप्ताह में पांच दिन चलायी जायेगी। गाड़ी सं. ०५५५१ रक्सौल-भागलपुर श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन १४.०७.२०२२ से ११.०८.२०२२ तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार, सोमवार, बुधवार, गुरूवार एवं शनिवार को ०५.१५ बजे खुलकर १५.०० बजे भागलपुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. ०५५५२ भागलपुर-रक्सौल श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन १४.०७.२०२२ से ११.०८.२०२२ तक रविवार, सोमवार, बुधवार, गुरूवार एवं शनिवार को १६.३० बजे खुलकर अगले दिन ०३.१५ बजे रक्सौल पहुंचेगी। इस गाड़ी में सामान्य श्रेणी के ०४, शयनयान श्रेणी के १२ कोच होंगे ।

इनसान महान पैदा नहीं होता है, उसके विचार उसे महान बनाते हैं. विचार और काम की शुद्धता और सरलता ही महान लोगों को आम लोगों से अलग करती है. वे वही काम करते हैं, जो दूसरे करते हैं, लेकिन उनका मकसद समाज में बदलाव लाना होता है।

-महात्मा गांधी

### पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- ५००० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- ३५०० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-२५०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-१०००रु.मात्र

**प्रबंध संपादक**

ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव/ अनिल केन

रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.51097-90 पोस्ट ए.डी-8 मो. 9793956044,9935224867 फोन नं.-0532-2418040